# 25 राजस्थान की प्रमुख पत्र–पत्रिकाएँ

1. 'त्याग भूमि' के संपादक कौन थे?
(1) जयनारायण व्यास (2) हरिभाऊ उपाध्याय
(3) विजय सिंह पथिक (4) कन्हैयालाल (2)

**व्याख्या–** इस समाचार पत्र का प्रकाशन राजस्थान सेवा संघ द्वारा (1927) अजमेर से किया गया।

2. 'अखण्ड भारत' समाचार पत्र का प्रकाशन किसने किया?
(1) विजय सिंह पथिक (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) जयनारायण व्यास (4) सागरमल गोपा (3)

**व्याख्या–** अखण्ड भारत समाचार पत्र का प्रकाशन जयनारायण व्यास ने सन् 1936 में बम्बई से किया था।

3. 'नवीन राजस्थान' समाचार पत्र के संस्थापक थे?
(1) विजय सिंह पथिक (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) जयनारायण व्यास (4) सागरमल गोपा (1)

4. कोटा से छपने वाली किस पत्रिका पर राजस्थान सरकार द्वारा रोक लगा दी गई?
(1) सम्बोधन (2) नखलिस्तान
(3) तहरीक–ए–मिल्लत (4) वरदा (3)

5. 1920 के दशक में राजनीतिक जागरण के उद्देश्य से किसने ब्यावर से 'राजस्थान' अखबार का प्रकाशन किया?
(1) विजय सिंह पथिक (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) जयनारायण व्यास (4) सागरमल गोपा (2)

**व्याख्या–** ऋषि दत्त मेहता ने सन् 1923 में ब्यावर से राजस्थान नामक समाचार पत्र प्रारम्भ किया।

6. 19वीं सदी में 'राजपूताना समाचार' नामक साप्ताहिक पत्र हिन्दी व उर्दू में किसके द्वारा संपादित किया गया?
(1) जयनारायण व्यास (2) ऋषि दत्त मेहता
(3) विजय सिंह पथिक (4) मास्टर कन्हैयालाल (4)

**व्याख्या–** राजपूताना अखबार का जयपुर से कन्हैयालाल के संपादन में रोजतुल तालीम या राजपूताना अखबार के नाम से 1856 ई. में प्रकाशित हुआ। यह द्विभाषी समाचार पत्र था।

7. स्वतंत्रता पूर्व राजस्थान का निम्नलिखित में से कौनसा समाचार पत्र आर्य समाजी विचारधारा का समर्थक नहीं था।
(1) राजपूताना गजट (2) जनहित कारक
(3) परोपकारक (4) देश हितैषी (1)

**व्याख्या–** राजपूताना गजट मौलवी मुराद अली द्वारा अजमेर से प्रकाशित किया गया था।

8. 'मरूवाणी' क्या है?
(1) राजस्थानी भाषा का लोकगीत
(2) राजस्थान का लोकनृत्य
(3) चुरू से प्रसारित आकाशवाणी कार्यक्रम
(4) राजस्थानी भाषा की पत्रिका (4)

**व्याख्या–** मरूवाणी का प्रकाशन राजस्थानी प्रचारिणी सभा जयपुर द्वारा किया जाता है।

9. 'राजस्थान टाइम्स' नामक समाचार पत्र का संपादन कहाँ से हुआ था?
(1) अजमेर (2) उदयपुर
(3) जयपुर (4) जोधपुर (1)

**व्याख्या–** राजस्थान टाइम्स का प्रकाशन 1885 ई. में अजमेर से बक्शी लक्ष्मणदास ने अंग्रेजी भाषा में किया। राजस्थान पत्रिका इसी का हिन्दी संस्करण था।

10. राजस्थान उर्दू अकादमी जयपुर द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) लहर (2) रिहाण
(3) नखलिस्तान (4) तहरीक–ए–मिल्लत (3)

11. राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) स्वर मंगला (2) स्वर बिन्दु
(3) कविता (4) वातायन (1)

12. मरूवाणी पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है?
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) पिलानी (4) जोधपुर (2)

**व्याख्या–** मरूवाणी पत्रिका का प्रकाशन राजस्थान प्रचारिणी सभा (जयपुर) द्वारा किया जाता है।

13. 'सम्बोधन' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है?
(1) कांकरोली (राजसमंद) (2) फतेहपुर (सीकर)
(3) पिलानी (झुंझुनू) (4) सरदारशहर (चुरू) (1)

14. 'मरूभारती' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है?
(1) बोरून्दा (जोधपुर) (2) बिसाऊ (झुंझुनू)
(3) पिलानी (झुंझुनू) (4) चौपासनी (जोधपुर) (3)

15. वातायन पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है?
(1) बीकानेर (2) जयपुर
(3) कोटा (4) जोधपुर (1)

16. अरावली उद्घोष पत्रिका किस जिले से प्रकाशित होती है?
(1) उदयपुर (2) जयपुर
(3) कोटा (4) जोधपुर (1)

17. नवजीवन समाचार पत्र का प्रारम्भ किसने किया था?
(1) हरिभाऊ उपाध्याय व ऋषिदत्त मेहता
(2) दुर्गा प्रसाद चौधरी व बालकिशन उपाध्याय
(3) शोभालाल गुप्त व विजयसिंह पथिक
(4) नारायण सिंह व कनक मधुकर (4)

18. 'रिहाण' नामक पत्रिका का प्रकाशन किस संस्थान द्वारा किया जाता है?
(1) शिक्षा निदेशालय (बीकानेर)
(2) राजस्थानी ज्ञानपीठ संस्थान (बीकानेर)
(3) राजस्थान प्रचारिणी सभा (जयपुर)
(4) राजस्थान सिंधी अकादमी (जयपुर) (4)

19. सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान सरकार द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) ब्रज सत दल (2) राजस्थान सुजस
(3) आखर जोत (4) द रिसर्चर (2)

20. साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जारी की जाने वाली त्रैमासिक पत्रिका है?
(1) ब्रज सत दल (2) राजस्थान सुजस
(3) आखरजोत (4) द रिसर्चर (3)

21. पुरातत्त्व व संग्रहालय विभाग (जयपुर) द्वारा जारी की जाने वाली पत्रिका है?
(1) ब्रज सत दल (2) राजस्थान सुजस
(3) द रिसर्चर (4) आखर जोत (3)

22. 'नई गुदगुदी' नामक मासिक पत्रिका प्रकाशित की जाती है?
(1) जोधपुर (2) जयपुर
(3) बीकानेर (4) अजमेर (2)

23. बालहसं नामक पाक्षिक पत्रिका प्रकाशित की जाती है?
(1) सीमा संदेश, जयपुर (2) राजस्थान पत्रिका जयपुर द्वारा
(3) जन जागरण, जयपुर (4) दैनिक भास्कर, जयपुर (2)

24. राजस्थानी भाषा बाल साहित्य प्रकाशन, लक्ष्मणगढ़ (सीकर) द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) माणक (2) कविता
(3) पणिहारी (4) बालहंस (3)

25. 'जागती जोत' नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है?
(1) रूपायण संस्थान (बोरून्दा)
(2) माणक प्रकाशन (जोधपुर)
(3) राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (बीकानेर)
(4) राजस्थानी शोध संस्थान (चौपासनी) (3)

26. राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी (जोधपुर) द्वारा किस पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है?
(1) परम्परा (2) माणक
(3) जागती जोत (4) हरावल (1)

27. किस पत्रिका का प्रकाशन रूपायण संस्थान, बोरून्दा (जोधपुर) से किया जाता है?
(1) मरूचक्र (2) हरावल
(3) रिहाण (4) माणक (1)

28. राजस्थानी ज्ञानपीठ संस्थान (बीकानेर) द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) रिहाण (2) पणिहारी
(3) स्वर माला (4) राजस्थानी गंगा (4)

29. शिक्षा निदेशालय (बीकानेर) द्वारा प्रकाशित पत्रिका है?
(1) परम्परा (2) मरू भारती
(3) शिविरा (4) स्वर माला (3)

30. कांकरोली से प्रकाशित पत्रिका 'सम्बोधन' के सम्पादक हैं?
(1) ऋषिदत्त मेहता (2) कमर मेवाड़ी
(3) हरीश भादानी (4) भागीरथ भार्गव (2)

31. बीकानेर से प्रकाशित 'वातायन' पत्रिका के सम्पादक हैं?
(1) मदन सैनी (2) सत्यप्रकाश जोशी
(3) हरीश भादाणी (4) प्रकाश जैन (3)

32. जयनारायण व्यास ने 1932 में ब्यावर से कौनसा समाचार पत्र निकाला?
(1) त्याग भूमि (2) नवजीवन
(3) आगीबाण (4) राजस्थान (3)

33. सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में सही कूट का चयन करें।

| समाचार पत्र | संपादक |
|---|---|
| (A) त्याग भूमि | (i) जयनारायण व्यास |
| (B) राजस्थान | (ii) अचलेश्वर प्रसाद शर्मा |
| (C) प्रजा सेवक | (iii) ऋषि दत्त मेहता |
| (D) आगीबाण | (iv) हरि भाउ उपाध्याय |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iii | iv |

(1)

34. निम्नलिखित में से कौनसा प्रकाशन ब्रिटिश शासन के दौरान अपने प्रशासक के साथ गलत है?
(1) राजपूताना हेराल्ड – हनुमान सिंह
(2) राजस्थान टाइम्स – बख्शी लक्ष्मीदास
(3) प्रभात – विजय सिंह पथिक
(4) राजस्थान साप्ताहिक – ऋषिदत्त (3)

**व्याख्या–** प्रभात समाचार पत्र का प्रकाशन सन् 1932 में सिद्धराज ढड्ढा व सत्यदेव विद्यालंकार ने किया।

35. निम्नलिखित में कौनसे युग्म सुमेलित नहीं है?

| समाचार पत्र | प्रकाशन स्थल |
|---|---|
| (1) भारतवीर | – भरतपुर |
| (2) प्रभात | – जयपुर |
| (3) आगीबाण | – अजमेर |
| (4) नवजीवन | – अजमेर |

(3)

**व्याख्या–** आगीबाण समाचार पत्र का प्रकाशन जयनारायण व्यास ने 1932 में ब्यावर से किया। यह राजस्थानी भाषा का प्रथम राजनीतिक पाक्षिक समाचार पत्र था।

36. समाचार पत्र मजहरूल सरुर कहाँ से और कब प्रकाशित हुआ?
(1) जयपुर, 1849 (2) भरतपुर, 1849
(3) भरतपुर, 1859 (4) भरतपुर, 1839 (2)

37. राजपूताना मालवा टाइम्स और राजस्थान पत्रिका के संपादक थे?
(1) झाबरमल शर्मा (2) बख्शी लक्ष्मणदास
(3) चिमनलाल गहलोत (4) श्यामलाल शर्मा (2)

38. निम्न में से किस समाचार पत्र के साथ विजय सिंह पथिक का नाम जुड़ा हुआ है?
(1) राजस्थान केसरी (2) राजपूताना गजट
(3) राजस्थान समाचार (4) मेवाड़ समाचार (1)

39. मुंशी समर्थदान चारण द्वारा अजमेर से 1889 में प्रारम्भ समाचार पत्र का क्या नाम था?
(1) तरूण राजस्थान (2) नवीन राजस्थान
(3) राजस्थान केसरी (4) रजास्थान समाचार (4)

40. सुमेलित कीजिए –

| समाचार पत्र | संपादक |
|---|---|
| (A) राजपुताना गजट | (i) मौलवी मुराद अली |
| (B) राजस्थान समाचार | (ii) मुंशी समर्थदान |
| (C) सर्वहित | (iii) पं. रामप्रताप |
| (D) लोकवाणी | (iv) देवी शंकर तिवाड़ी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iii | iv |

(4)